चांपा। लायंस क्लब चांपा द्वारा छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहार हरेली अमावस्या के पावन अवसर पर कृष्णा वर्ल्ड आवासीय कालोनी दर्राभाठा जांजगीर रोड में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी सदस्यों द्वारा कॉलोनी परिसर में सुरक्षित अहाता के अंदर वृहद मात्रा में पौधरोपण किया गया । इस अवसर पर लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के रीजन प्रेरणा 10 के रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के जोन प्रेरणा 27 के जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन वासुदेव चंद देवांगन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एम जे एफ लायन डॉ संतोष कुमार अग्रवाल, लायन बजरंग लाल अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन बैजनाथ देवांगन, चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन डॉ विश्वनाथ बिरथरे , लायन डॉ जी.पी. दुबे, वाइस चेयरमैन लायन डॉ. के.पी. राठौर, स्कूल सचिव लायन सुरेश अग्रवाल, लायन उत्तम देवांगन, कृष्णा वर्ल्ड आवासीय कालोनी के ऑनर संजय अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शन लायन सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

कनस्दा में निकली तिरंगा यात्रा देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव

शिवरीनारायण। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कनस्दा में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। हाथों में तिरंगा लेकर बच्चे और ग्रामीण देशभक्ति के नारों के साथ पूरे गांव में भ्रमण करते नजर आए। तिरंगा यात्रा में शिवरीनारायण मंडी अध्यक्ष घासीराम कश्यप, शांति देवी घसीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद नवागढ़,ग्राम पंचायत कनस्दा के सरपंच अजय कुमार कैवर्तय, पूर्व जनपद सदस्य छेदी लाल कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा में बच्चों का उत्साह विशेष रूप से देखने को मिला। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते बच्चों ने देश के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। देशभक्ति के गगनभेदी जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।



स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएफ के जवान को राखी बांधेगी बिहान की दीदियां

बहेरडीह। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर बहेराडीह में स्थित देश का पहला किसान स्कूल में बीएसएफ के जवान रंजीत भारद्वाज राष्ट्रध्वज फहराएंगे। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के बिहान की दीदियां बीएसएफ के जवान को राखी बांधेगी। ध्वजारोहण के पश्चात वे प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर स्कूल की छात्राएं उन्हें राखी बांधेगी। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल में कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान, समूह की महिलाएं, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं स्थानीयजन शामिल होंगे।

सावन के तीसरे सोमवार पर निकलेगी कांवर यात्रा

बिर्रा। जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम घिवरा में सावन के तीसरे सोमवार पर 17 अगस्त को कांवर यात्रा निकलेगी। कांवर यात्रा के दौरान ग्राम बिर्रा से बसंतपुर महानदी घाट से सभी श्रद्धालु अपने अपने कांवर में जल भरने के पश्चात जयकारे लगाते पुनः उसी रास्ते से होते हुए ग्राम घिवरा स्थित थालू मंदिर पहुंचेंगे। यहां स्थापित शिवलिंग में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र चढ़ाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे। इस कांवर यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

निधन

संतोष कुमार धीवर

अकलतरा। ग्राम खटोला के प्रतिष्ठित नागरिक संतोष कुमार धीवर का गुरुवार 13 अगस्त की रात्रि इलाज के दौरान बिलासपुर में निधन हो गया। वे धीवर समाज केंद्र खटोला के पूर्व केंद्र अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे ग्राम खटोला में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



स्वच्छता रैली के जरिए स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते एवं जलाते पाए जाने पर देना होगा एक हजार तक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने स्वच्छ जांजगीर-नैला अभियान का शुभारंभ हुआ। स्वच्छता रैली के जरिए स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त शहर का संदेश दिया गया। अब सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते व जलाते पाये जाने पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई होगी।

जांजगीर-नैला शहर को स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में शुक्रवार 14 अगस्त को स्वच्छ जांजगीर-नैला अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल की उपस्थित थे। रैली में नागरिकों को अपने घर, मोहल्ले और शहर को साफ रखने का संदेश दिया गया। रैली के माध्यम से कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने और स्वच्छता को रोजमर्रा की आदत बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित स्वच्छता दीदी।

विशेष अभियान के तहत शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता और जनजागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। नगर पालिका द्वारा शत प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के साथ कचरे को घर से ही अलग-अलग रखने की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाएगा। स्वच्छता दीदियां एवं मैदानी अमला घर-घर संपर्क कर लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग रखने तथा निर्धारित समय पर कचरा संग्रहण वाहन को ही कचरा देने के लिए प्रेरित करेगें। अभियान के दौरान नागरिकों को चार प्रकार के डस्टबिन के माध्यम से कचरे के सही पृथक्करण की जानकारी दी गई। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने अथवा कचरा जलाने वालो पर प्रथम बार 500 रुपये घरेलू एवं 1,000 रुपये व्यावसायिक जुर्माना तथा दूसरी बार 1,000 रुपये घरेलू एवं 2,000 रुपये व्यावसायिक जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि स्वच्छता आज के समय में हम सभी की आवश्यकता है। स्वच्छ जांजगीर-नैला का निर्माण केवल नगर पालिका के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करनी होगी। इस दौरान उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा ने बांटा विभाजित परिवारों का दुख-दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 अगस्त को जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत विभाजन की त्रासदी झेलने वाले परिवारों के सदस्यों से संवाद कर उनके दुख-दर्द को साझा किया गया तथा शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

खास बात

- जिला भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन, त्रासदी झेलने वाले परिवारों के सदस्य हुए सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान लाखों लोगों को विस्थापन, पीड़ा और अपनों से बिछड़ने का दंश झेलना पड़ा। अनेक परिवारों को अपना घर-बार छोड़कर दूसरे स्थानों पर जाकर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने विभाजन की विभीषिका पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विभाजन केवल देश की सीमाओं का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह करोड़ों लोगों के जीवन, परिवार और भावनाओं को गहराई से प्रभावित करने वाली त्रासदी थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विभाजन के दौरान परिवारों द्वारा झेली गई कठिनाइयों से अवगत कराया।

खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने भी विभाजन की पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष और उनके त्याग को स्मरण करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को इतिहास के इस काले अध्याय की सच्चाई से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियां दोबारा उत्पन्न न हों। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, प्रशांत सिंह ठाकुर,अमर सुल्तानिया, संतोष लहरे, श्रीमती सत्यलता मिरी, नंद चौधरी, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, कार्यक्रम संयोजक रामखुवानी एवं सहसंयोजक राकेश रूपवानी सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभाजन की त्रासदी झेलने वाले परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जांजगीर सिंधी समाज के मुखी गोपाल बजाज, लक्ष्मण थवानी, गंगा राम चनदानी, दिलीप मिरचंदनी, चंदरमल, रमेश गुरुनानी, किशोर गुरुनानी, अनिल विरानी, सुरेश, राजेश लालवानी एवं अजय थावानी सहित वरिष्ठजनों का कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सभा के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अटल चौक जांजगीर से नेताजी चौक तक पैदल मौन जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी शामिल रहे।



कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी झेलने वाले परिवारों को सम्मानित करते अतिथि।

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर पामगढ़ में निकली तिरंगा यात्रा



पामगढ़। वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर पंचायत पामगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से निकलकर वंदे मातरम एवं भारत माता की जय घोष के साथ अंबेडकर चौक पहुंची, जहां पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े, पार्षद गण कुमारी सुमन कुर्रे, रामखिलावन श्रीमती बसंती बाई, सुभाष ओगरे, संजय खांडे एवं एल्डरमेन सोनू गांधी, मुकेश कश्यप, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बृजमोहन सिंह परस्ते, विभागीय कर्मचारी गण एवं महिला कमांडो के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नगर पंचायत राहौद के तत्वाधान में गुरुवार को तिरंगा यात्रा आयोजन किया गया।'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राहौद में एक भव्य और विशाल 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई।। इस यात्रा में अभूतपूर्व जन सैलाब देखने को मिला, जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, स्कूली बच्चों और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

यात्रा का नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप द्वारा राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर किया गया। हाथों में लहराता तिरंगा और हवा में गूंजते ₹भारत माता की जय₹ व ₹वंदे मातरम₹ के जयकारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।प्रमुख आकर्षणः सैकड़ों युवाओं ने अनुशासित रूप से तिरंगा लेकर रैली निकाली, वहीं बुजुर्गों और बच्चों ने पैदल मार्च कर एकता का संदेश दिया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जन-सहभागिताः शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती इस यात्रा का स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। आज जिस तरह से विशाल संख्या में लोग एकजुट हुए हैं, यह हमारी अटूट राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का जीवंत प्रमाण है।₹यात्रा का समापन नगर पंचायत कार्यालय पर राष्ट्रगान के साथ शांतिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हुआ। आयोजकों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी नागरिकों, स्वयंसेवकों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।इस यात्रा में नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप उपाध्यक्ष श्री गयाराम चंदेल सभापति संतोष यादव श्रीमती कीर्ति सोनी श्रीमती इंद मनहर अमित अनंत राजेश यादव पार्सद श्री योगेश देवांगन ,नरसिंग गोंड, विमल मनहर , धनंजय सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, डॉ सुनील गुप्ता एवं जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं, स्कूल के छात्र छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सभी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



तिरंगा यात्रा में शमिल जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी।

राहौद एजुकेशन सोसायटी के तत्वाधान में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत निकाली गई तिरंगा रैली

राहौद। नगर के राहौद एजुकेशन सोसायटी, राहौद में 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य झंडा रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभा कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत राहौद, विशिष्ट अतिथि गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत राहौद, नगर के पार्षद गण अमित अनंत, भोला यादव, डॉ सुनील गुप्ता,डॉ श्रीमती कनक सिंहा (प्राचार्य), डॉ निर्मल वर्मा रहे। देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत राहौद में महाविद्यालय से होते हुए अटल परिसर से बस स्टैंड होते हुए बिलारी चौक तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य झंडा रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापक, एनएसएस के स्वयंसेवकसेविका, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारीकर्मचारियों, विद्यालय के छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक रामनारायण कश्यप, जी.पी.कौशिक,अनिरुद्ध कश्यप, श्याम साहू, प्रदीप वर्मा, जयराम कश्यप, सुधा कश्यप, अनिल कश्यप, महाविद्यालय के स्वयंसेवक सेविका अमन, जितेंद्र,सुनील, अतुल, रामेश्वर, गौतम, भुवनेश्वर, सिद्धार्थ, दिलेश्वर, रोशन, हिमाद्री, श्वेता, झरना, कंचन ,सुलोचना, रूपाली, रानू, रश्मि, गोमेश्वरी, सजनकुवर, संध्या लहरे, कंचन कुर्रे, संजना, पायल,नंदनी, दीपिका, अंजली, कुन्ति, हेमलता,संध्या का योगदान रहा।



हल्द्वानी घटना के विरोध में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, किया प्रदर्शन

सक्ती। जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा हल्द्वानी घटना के विरोध में तथा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस से डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला सत्याग्रह किया। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और हल्द्वानी घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी की। आंबेडकर चौक पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्याग्रह आंदोलन को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गभेल ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ती रहेगी। चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की। विरोध प्रदर्शन एवं पैदल मार्च में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम कुमार केंवट, गिरधर जायसवाल, नीतेश वर्मा, राकेश गबेल, पिंटू ठाकुर, पवन साहू, रूपेश गबेल, प्रकाश गबेल, लंकेश्वरी लहरें, मेनिका जायसवाल, प्रताप चंद्रा, भुरू अग्रवाल, साधेश्वर गबेल, कुसुम यादव, कृष्णा रात्रे, भरत जलतारे, ज्योतिष गर्ग, राजकुमार भारद्वाज, बलराम पांडे, सन्नी यादव, राजेन्द्र यादव, पवन जांगड़े, मनोज जायसवाल, कालू अग्रवाल, लाला सोनी, रामसजीवन देवांगन, रोहित यादव, भीष्म भारती, आदित्य खूंटे सहित कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



लायंस स्कूल में छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के नवगठित छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण एवं निवेश समारोह गुरुवार 13 अगस्त को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, सहयोग एवं सेवा भावना विकसित करने में छात्र कैबिनेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद नवगठित छात्र कैबिनेट का परिचय कराया गया। छात्र पदाधिकारियों ने शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का परिचय दिया। कैबिनेट में हेड बॉय आरुष थवाईत, हेड गर्ल अदिती देवांगन, डिप्टी हेड बॉय कृष्णा पांडे एवं डिप्टी हेड गर्ल भारती राठौर सहित स्पोर्ट्स कैप्टन, विभिन्न हाउस के कैप्टन, प्रीफेक्ट्स तथा विभिन्न क्लबों के प्रभारी शामिल हैं। छात्र कैबिनेट के परिचय के पश्चात नव-नियुक्त छात्र नेताओं को बैज एवं सैश प्रदान किए गए। इसके बाद लायंस क्लब एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन के मार्गदर्शन में नव-नियुक्त छात्र कैबिनेट के सदस्यों ने पद एवं कर्तव्य की शपथ ली। विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने तथा विद्यालय एवं साथी विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में लायन रामप्रपन्न देवांगन, चेयरमैन, लायंस अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी, एमजेएफ लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, स्पोर्ट्स इंचार्ज लायन बैजनाथ देवांगन, सचिव लायन वासुदेव देवांगन एवं लायन विनोद अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि नेतृत्व केवल पद, बैज या सैश धारण करने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी, समयबद्धता, विनम्रता और सेवा भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र नेताओं को शिक्षकों का सम्मान करने, अपने साथियों के साथ मिलकर कार्य करने तथा विद्यालय की गरिमा और प्रतिष्ठा को सदैव बनाए रखने का संदेश दिया। लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि नेतृत्व विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, टीम भावना और सकारात्मक सोच के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। लायन डॉ. जी. पी. दुबे ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में एम. के. साहू ने आभार प्रदर्शन किया।



अतिथि के साथ उपस्थित छात्र कैबिनेट के पदाधिकारी।

शासकीय हाई स्कूल बरगवां में चलाया जागरूकता अभियान

साइबर अपराध, नशामुक्ति, व्यक्तित्व विकास और देश के गौरवपूर्ण इतिहास की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शासकीय हाई स्कूल बरगवां में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, नशामुक्ति, व्यक्तित्व विकास एवं देश के गौरवपूर्ण इतिहास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवक सतीश दीवान, गायत्री परिवार के जिला संयोजक महेश्वर कश्यप, थाना अकलतरा से एसआई आशीष कुमार एवं रेमन सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

वरिष्ठ समाजसेवक सतीश दीवान ने विद्यार्थियों को भारत के गौरवपूर्ण इतिहास की जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीर देशभक्तों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के इतिहास और संस्कृति पर गर्व करने तथा राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। गायत्री परिवार के जिला संयोजक महेश्वर कश्यप ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। एसआई आशीष कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मोबाइल एवं इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने तथा ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। रेमन सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य दीपक साहू ने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराया। वेल विशर फाउंडेशन के सचिवचिराग शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य एवं सपनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति करुणा शाण्डिल्य ने आभार व्यक्त किया। जागरूकता कार्यक्रम में वेल स्कूल के प्राचार्य श्रीमति बीके शाण्डिल्य, शिक्षक ए के मार्बल,बी एल कर्ष,राजीव कुमार साहू,शिक्षिका शिखा चौबे,लक्ष्मी साहू व रूखमणी सिंह पटेल उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जांजगीर-चांपा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 अगस्त 2026

बलिदान से विकास तक, 79 वर्षों में भारत ने बदली अपनी पहचान

आजादी के 80वें पर्व पर राष्ट्र को नमन विकसित भारत के निर्माण का संकल्प

15 अगस्त 2026 को देश 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। यह अवसर केवल आजादी की 79 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को स्मरण करने का पर्व नहीं, बल्कि उन असंख्य वीर सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को नमन करने का दिन है, जिनके संघर्ष से भारत ने पराधीनता की बेड़ियां तोड़कर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में नई सुबह देखी। इन वर्षों में भारत ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, विज्ञान, तकनीक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज दुनिया के मंच पर भारत का बढ़ता प्रभाव उस राष्ट्र की सामर्थ्य और आत्मविश्वास की कहानी कहता है, जिसने संघर्षों से सीखते हुए निरंतर प्रगति का मार्ग चुना है। स्वतंत्रता दिवस हमें अतीत के बलिदानों से प्रेरणा लेकर एक मजबूत, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को और दृढ़ करने का संदेश देता है।

15 अगस्त 2026 भारत के इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है। देश इस वर्ष अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश शासन की गुलामी की लंबी रात समाप्त हुई थी और भारत ने स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में नई सुबह का स्वागत किया था। आजादी के उस ऐतिहासिक क्षण को 79 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन वर्षों में भारत ने संघर्षों, उपलब्धियों, चुनौतियों और संभावनाओं से भरी एक लंबी यात्रा तय की है। स्वतंत्रता दिवस का यह पावन अवसर जहां देश के वीर सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करने का दिन है, वहीं राष्ट्र की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के प्रति अपने संकल्प को दोहराने का भी अवसर



है। 15 अगस्त केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के संघर्ष, सपनों और बलिदानों की जीवंत गाथा है। वर्ष 1947 की उस ऐतिहासिक मध्यरात्रि में जब भारत ने स्वतंत्रता की सांस ली, तब सदियों की पराधीनता के अंधकार को चीरकर आजादी का नया सूरज उदित हुआ। यह आजादी किसी एक व्यक्ति, संगठन या वर्ग के प्रयास का परिणाम नहीं थी, बल्कि असंख्य ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष का प्रतिफल थी। महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्याग्रह से लेकर भगत सिंह के अदम्य साहस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवादी संकल्प और सरदार वल्लभभाई पटेल के दृढ़ नेतृत्व तक, स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा भारतीय इतिहास का अमूल्य अध्याय है। उन अनगिनत सेनानियों ने अपना वर्तमान देश के भविष्य के लिए कुर्बान कर दिया। स्वतंत्रता दिवस हमें बार-बार याद दिलाता है कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे लाखों लोगों का त्याग छिपा है।

दुनिया में बढ़ता भारत का कद- आजादी के समय भारत के सामने गरीबी, अशिक्षा, कमजोर अर्थव्यवस्था और अनेक सामाजिक चुनौतियां थीं। संसाधन सीमित थे, लेकिन संकल्प असीमित था। इन 79 वर्षों में भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदम हों, उद्योग और आधारभूत संरचना का विस्तार हो, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलाव हो या विज्ञान एवं तकनीक की दुनिया में भारत की बढ़ती भूमिका—देश ने हर मोर्चे पर अपनी क्षमता साबित की है। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की उपलब्धियां पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। डिजिटल तकनीक ने आम नागरिक के जीवन को नई गति दी है। खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे की शान बढ़ाई है।

तिरंगा सिर्फ ध्वज नहीं, करोड़ों सपनों की पहचान

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जब लाल किले की प्राचीर से तिरंगा शान से लहराता है, तो वह दृश्य प्रत्येक भारतीय के भीतर राष्ट्रगौरव की भावना भर देता है। केसरिया रंग साहस और त्याग का संदेश देता है, सफेद रंग शांति और सत्य का मार्ग दिखाता है तथा हरा रंग समृद्धि और जीवन का प्रतीक है। अशोक चक्र हमें निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। तिरंगा देश की विविधता में एकता का प्रतीक है। भाषा, संस्कृति, क्षेत्र और जीवनशैली की विविधताओं के बावजूद भारत की पहचान एक राष्ट्र के रूप में है। यही विविधता हमारी ताकत है और यही हमारी लोकतांत्रिक विरासत की सबसे बड़ी खूबसूरती है। आजादी के साथ अधिकार नहीं, कर्तव्यों का भी बोध जरूरीस्वतंत्रता दिवस केवल अधिकारों की बात करने का अवसर नहीं है। यह हमें अपने कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। एक मजबूत राष्ट्र केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं बनता, बल्कि उसके नागरिकों की जिम्मेदारी, ईमानदारी और सक्रिय भागीदारी से बनता है। देश की प्रगति में योगदान देने के लिए हर नागरिक अपने स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कानून का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, पर्यावरण को स्वच्छ रखना, सामाजिक सद्भाव बनाए रखना, महिलाओं और बच्चों का सम्मान करना तथा शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना भी राष्ट्रसेवा का ही स्वरूप है।आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वतंत्रता के अर्थ को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने व्यवहार और जिम्मेदारियों में भी उतारें।

शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगा मजबूत और समृद्ध भारत-जिन वीरों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, उनके सपनों का भारत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ऐसा भारत, जहां हर नागरिक को समान अवसर मिले, युवा आत्मनिर्भर बनें, किसान समृद्ध हों, महिलाएं सुरक्षित और सशक्त हों, बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें और देश का हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े। आने वाली पीढ़ियों को ऐसा भारत सौंपना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिस पर वे गर्व कर सकें। स्वतंत्रता का वास्तविक उत्सव तभी सार्थक होगा, जब देश की प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और विकास के साथ सामाजिक न्याय तथा मानवीय मूल्यों को भी मजबूती मिले।

नया संकल्प, नई ऊर्जा और नए भारत की ओर कदम- आजादी के 80वें पर्व पर देशवासियों के सामने चुनौतियां भी हैं और असीम संभावनाएं भी। बदलती दुनिया में भारत को आर्थिक रूप से मजबूत, तकनीकी रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से समरस और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी हमारी पीढ़ी पर है।आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम केवल तिरंगे को सलाम न करें, बल्कि उसके सम्मान को अपने आचरण में भी उतारने का संकल्प लें। देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और भारत के विकास में अपनी भूमिका निभाने का प्रण लें।

हम 15 अगस्त को ही क्यों मनाते हैं स्वतंत्रता दिवस, जानिये इसकी कहानी और रोचक तथ्य

कई लोग अक्सर इस बारे में सवाल करते हैं कि आखिर 15 अगस्त को ही क्यों स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, क्या इसके पीछे कोई खास वजह है।

20 फरवरी, 1947 को ब्रिटेन के उस वक्त के तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने एक ऐतिहासिक घोषणा की थी, उन्होंने कहा था कि ब्रिटिश हुकूमत 30 जून 1948 तक सत्ता का हस्तांतरण भारतीय हाथों में कर देगी। ऐसे में भारत को आजादी मिलने का समय 1948 के मध्य में था। हालांकि, उस समय में देश की स्थिति बिल्कुल भी ठीक नहीं थी। श्रमिक अंदोलन, विद्रोह और लोगों के बीच बढ़ते असंतोष ने ब्रिटिश हुकूमत को 10 महीने पहले ही देश से शासन छोड़ने पर मजबूर कर दिया। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस आदि नायकों के नेतृत्व में देश एकजुट हो रहा था। 1942 में देश ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। वहीं दूसरे विश्वयुद्ध के खत्म होने के बाद तक देश ब्रिटिश शासन के खिलाफ एकजुट हो चुका था। इन सब को देखते हुए ब्रिटिश सरकार यह जान चुकी थी कि भारत में ज्यादा दिन तक शासन चलाना संभव नहीं है। इसी बीच मार्च 1947 में लॉर्ड लुई माउंटबेटन को भारत के आखिरी वायसराय बनाकर भेजा जाता है। इनको यह जिम्मेदारी दी गई थी कि सत्ता का हस्तांतरण ठीक ढंग से भारत को करना था। उनके पास इस कार्य को करने के लिए करीब डेढ़ साल साल का समय था। हालांकि, देश में स्थिति जिस तेजी से खराब हो रही थी उसे देखते हुए माउंटबेटन को यह पता चल गया था कि अगर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूरा करने में ज्यादा समय लगा तो स्थिति खराब हो सकती है। इसी बीच 3 जून 1947 को यह योजना बनाई गई कि ब्रिटिश सरकार भारत को दो हिस्सों भारत और पाकिस्तान में बांटेगी। इस फैसले को कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने स्वीकार किया। जुलाई 1947 में ब्रिटिस संसद ने भारत के स्वतंत्रता अधिनियम को पास किया। इसमें यह तय किया गया कि 15 अगस्त 1947 को भारत और पाकिस्तान दो स्वतंत्र देश बनेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 15 अगस्त को देश आजाद करने का फैसला लॉर्ड माउंटबेटन का ही था। इसके पीछे की एक मुख्य वजह यह थी कि 15 अगस्त 1945 को जापान की सेना ने मित्र राष्ट्रों के समक्ष सरेंडर किया था। इसे उस समय विक्ट्री ओवर जापान डे के तौर पर मनाया गया था। यह माउंटबेटन की सैन्य जिंदगी की एक बड़ी कामयाबी भी थी।

1945 से मिल चुके थे संकेत- 1945 में दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के समय ब्रिटिश आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके थे और वे इंग्लैंड में स्वयं का शासन भी चलाने में संघर्ष कर रहे थे। विभिन्न स्त्रोतों की मानें तो ब्रिटिश सत्ता लगभग दिवालिया होने की कगार पर थी। महात्मा गांधी और सुभाषचंद्र बोस की गतिविधियां इसमें अहम भूमिका निभाती हैं। 1940 की शुरुआत से ही गांधी और बोस की गतिविधियों से अवाम बहुत जाग गया था।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...























15- AUG JANJGIR PAGE-2 EXTRA_Layout 1 8/14/2026 5:43 PM Page 1

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



























15- AUG JANJGIR PAGE-3 EXTRA_Layout 1 8/14/2026 5:42 PM Page 1

समस्त जिलेवासियों को

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

















15- AUG JANJGIR PAGE-4 EXTRA_Layout 1 8/14/2026 5:40 PM Page 1





























15- AUG JANJGIR PAGE-5 EXTRA_Layout 1 8/14/2026 5:38 PM Page 1

समस्त जिलेवासियों को

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वंदे मातरम

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामनरेश सिंह यादव
हरिभूमि प्रतिनिधि सक्ती



समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती डॉ. पूजा अग्रवाल
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जिला - सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री खूमेश्वर सिंह
जिला खाद्य अधिकारी
जिला - सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमति सोभना तिवारी
विपणन अधिकारी एवं
समस्त स्टॉफ, जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. सूरज राठौर
सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री किशोर बंजारे
जिला खनिज अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती कुमुदिनी बाग द्विवेदी
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला अधिकारी-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री तरूण प्रधान
उपसंचालक कृषि विभाग
जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
उप पंजीयक
एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रियंक मेहता
कार्यपालन अभियंता
लो. नि.वि. एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री एस.एस. साण्डे
अनुविभागीय अधिकारी
लो. नि.वि. एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
लो. स्वा.यां. विभाग एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री एल.पी. मंडावी
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री हितेश राठौर
कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग
एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री शिवेन्द्र साहू
अनुविभाग अधिकारी
वन विभाग सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री एस राजपूत
अनुविभाग अधिकारी
ग्रा.यां.से सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
भूमि संरक्षक अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री सुनील मिश्रा
सहायक संचालक
पंचायत एवं समाज कल्याण सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
वाई.एन. शर्मा
यातायात पुलिस प्रभारी अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
धान संग्रहण केन्द्र
सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री नितिन शुक्ला
सहायक जिला अबकारी अधिकारी
श्री आशीष उप्पल
जिला अबकारी अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री अश्वनी पांडे
नोडल अधिकारी सहकारिता बैंक जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फगुरम
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

15- AUG JANJGIR PAGE-6 EXTRA_Layout 1 8/14/2026 5:35 PM Page 1

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वंदे मातरम
श्रीमति कमलेश जांगडे
सांसद जांजगीर लोकसभा

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
माँ अम्बे ज्वेलर्स
परमेश्वरी पब्लिक स्कूल के पास, नारायण सागर रोड, सक्ती
09981830644, 9300825544

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्याम सुंदर अग्रवाल
नगर पालिका अध्यक्ष सक्ती

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनेश शर्मा
राईस मिलर्स ट्रांसपोर्टर
होटल व्यवसाय
प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़
चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज
अध्यक्ष जिला चांवल उद्योग संघ जिला सक्ती
प्रदेश उपाध्यक्ष FCI कॉन्ट्रैक्ट यूनियन
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़
आयुष शर्मा
सभापति, जि. पं. सक्ती

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जगरानी देवी आई.टी.आई.
टेमर फाटक के पास, सक्ती

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री शैलेंद्र तिवारी
बाचं मैनेजर- जिला सहकारी बैंक सक्ती
एवं समस्त स्टॉफ, जिला-सक्ती

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आइडियल कम्पयूटर सेन्टर सक्ती
विजय साहू
संचालक

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इंडियन पंचमुखी गैस एजेंसी सक्ती
मनीष अग्रवाल

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हिमांशु फ्यूल्स
कंचनपुर, सक्ती

समस्त जिलेवासियो को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमन गर्ग
सक्ती

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री प्रेम लाल पटेल भैय्या जी
सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड
जिला अध्यक्ष
भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सक्ती

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. चंद्र प्रकाश तिवारी
प्रांतीय सचिव छ ग सर्व शिक्षक फेडरेशन
जिला अध्यक्ष नेटबॉल स्पोर्ट्स
एसोसिएशन जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सैय्यद आबीद
जिला अध्यक्ष भाजपा
अल्पसंख्यक मोर्चा सक्ती

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं... भागवत प्रवाह कि प्रस्तुति
लिंगाष्टकम
(शिव लिंगाष्टकम स्तोत्र)
FULL VIDEO OUT NOW
पंडित देवकृष्ण जी महाराज

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेश चंद्रा
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अकलसरा
प्रदीप चंद्रा (राजू)
केंद्रीय उपाध्यक्ष
चन्द्रनाहु युवा समिति

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सावित्री वर्मा
सरपंच
श्री विनोद पांडेय
उप सरपंच
नंदकिशोर रात्रे
सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत फगुरम

स्पर्श
SMH
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सक्ति, छत्तीसगढ़
15 वां अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं !
आइए, हम सब मिलकर अपने देश के विकास, एकता और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प लें और मजबूत करें।
स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल आपकी और आपके परिवार की उत्तम स्वास्थ्य सेवा के लिए सदैव समर्पित है।
हमारी प्रमुख सुविधाएं
1. सीजेरियन प्रसव (LSCS)
2. गर्भाशय निकालना (Hysterectomy)
3. हर्निया
4. पाईल्स (बवासीर)
5. फिशर, फिस्टुला
6. अंग विच्छेदन (Amputation)
7. लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन
8. फाईब्रोएडीनोमा (स्तन में गांठ)
9. साइनोमा
10. सरकमसीजन
11. सभी प्रकार की सिलाई
12. मेनोपॉज
13. यूट्रस प्रोलाप्समेंट
14. अल्सर
15. आयुष्मान हेतु आयुष्मान कार्ड लेकर आएँ।
आयुष्मान कार्ड नहीं होने पर आधार कार्ड और राशन कार्ड की कॉपी साथ लेकर आएँ।
पता: गार्ड नं. 14, बड़ादवार रोड, सक्ती, जिला - सक्ती (छ.ग.)
96858 62249
स्वस्थ समाज, सशक्त भारत | जय हिन्द

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
पुलिस चौकी फगुरम

गोपाल गौ सेवा समिति ट्रस्ट भदरी चौक
की ओर से समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दीपक डनसेना
अध्यक्ष-गौ सेवा समिति
उपेन्द्र पांडे
कोषाध्यक्ष-गौ सेवा समिति

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
बिहान नर्सिंग होम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर
सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है
अनुभवी चिकित्सकों द्वारा इलाज
पता बेरीवाली मंदिर के पास बाराद्वार रोड सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री राजकुमार रात्रे
उपसंचालक जिला पंचायत सक्ती एवं समस्त स्टाफ

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती
डॉ. शालू पाहवा
प्राचार्य

कीर्ति चक्र विजेता वीर शहीद दीपक भारद्वाज
सब इंस्पेक्टर पुलिस भारद्वाज परिवार की ओर से
समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
निवदेक : राधेलाल भारद्वाज
जिला संयोजक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन
जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती द्रोपती किरतन चंद्रा
अध्यक्ष
जिला पंचायत जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. श्याम चंद्रा
बी.सी.एस. गरीबों का नि:शुल्क हॉस्पिटल
भाजपा जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कमल किशोर पटेल
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत जिला सक्ती

समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कमल किशोर साहू
समाज सेवक
कमल सेल्स एजेन्सी अधि. विक्रेता किल्लोस्कर पंप
कमल बोरवेल्स 5, 6, 7 इंच
शिवाजी ऑटो पार्टस ओरिजिन्ल
होटल देवराज रेस्टोरेन्ट सक्ती

समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रश्मि गभेल
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती
विनीत : रश्मि गभेल, अध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती एवं कांग्रेस परिवार सक्ती

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामनरेश सिंह यादव
हरिभूमि प्रतिनिधि सक्ती